दिनांक 14 सितम्बर 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में हिंदी दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया l इस सुअवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में मूर्धन्य साहित्यकार श्री बलदेव वंशी जी उपस्थित रहे l कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉo कृष्णकांत गुप्ता कर रहे थे l महाविद्यालय में दिनांक 07 सितम्बर से 14 सितम्बर हिंदी चेतना सप्ताह मनाया गया जिसमें भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताएं (लघु कथा वाचन, कबीर के दोहे, कविता पाठ, श्रुतलेख, निबंध इत्यादि) आयोजित की गयीं l

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'हिंदी में रोजगार के अवसर' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी l महाविद्यालय प्राचार्य डॉo कृष्णकांत गुप्ता जी ने हिंदी दिवस पर समस्त हिंदी विभाग को बधाई देते हुए हिंदी की वर्तमान समय में दशा और दिशा पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के साथ-साथ अन्य भाषाओँ को भी अपनाने की सलाह दी ताकि विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास हो और विश्व स्तर पर उपलब्धियां हासिल करें l अतिथि वक्ता श्री बलदेव वंशी जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए हिंदी की गरिमा का उल्लेख किया और अहंब्रह्मास्मि के उद्घोष के साथ अपने और हिंदी भाषा के स्वाभिमान को बनाए रखने का सन्देश किया l वर्तमान समय में हिंदी में रोजगार के अवसर विषय पर भी प्रकाश डाला l

हिंदी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनंद एवं अन्य प्रवक्तागण डॉo अशोक कुमार निराला, डॉo रेनू माहेशवरी, डॉo बांके बिहारी डॉo रामचंद्र व श्रीमती मंजू गुप्ता के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ l कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया l कुमारी वंदना, अंजलि, निकिता इत्यादि छात्राओं की हिंदी चेतना सप्ताह में सक्रिय भागीदारी रही l डॉo बांके बिहारी के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ l